INDIAN SCHOOL SOHAR

SUMMATIVE ASSESSMENT-2(2016-17)

कक्षा:VI | **विषय: हिन्दी** | **पूर्णांक:60**

दिनांक: 14-03-2017 | **समय:2 घंटे**

सामान्य निर्देश:**1.**इस प्रश्न पत्र के कुल चार खंड हैं-क,ख,ग,घ।

2.प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

3.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खंड-क

प्रश्न 1. निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए:- **5**

जम्मू-कश्मीर हिमालय की पर्वतमालाओं में बसा हुआ है।इसे 'धरती का स्वर्ग'भी कहा जाता है।जम्मू-कश्मीर के तीन प्रमुख क्षेत्र हैं-जम्मू,कश्मीर घाटी तथा लद्दाख।कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर तथा शीतकालीन राजधानी जम्मू है।कश्मीर पहाड़ों के अद्भुत,आकर्षक और मनोहरी प्राकृतिक दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है।यहाँ की डल झील विश्व-प्रसिद्ध है।इसमें हाऊस -बोट होते हैं जिन्हें शिकारा कहते हैं।पर्यटक इसमें बैठकर डल झील की सैर करते हैं और इसी में वे रहते भी हैं।कश्मीर में शालीमार गार्डन है जिसे मुगल सम्राट जहाँगीर ने बनवाया था।यहाँ गुलमर्ग है जो घने जंगलों से घिरा हुआ है तथा यहाँ सुंदर और मनमोहक फूलों के बाग हैं।जम्मू-कश्मीर में हजारों पर्यटक प्रतिदिन आते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत एवं स्वर्गीय आनंद लेते हैं।जब सर्दी के महीनों में यहाँ आकाश से बर्फ बरसती है,तब पूरा कश्मीर बर्फ की सफेद चादर से ढ़क जाता है।यह दृश्य अत्यंत सुंदर और मनोरम होता है जो व्यक्ति यह दृश्य देखता है,वह यही कहता है-"कश्मीर धरती का स्वर्ग है।"

प्रश्न

(i) धरती का स्वर्ग किसे कहा गया है?

(ii) जम्मू-कश्मीर के प्रमुख क्षेत्र कौन-कौन से हैं?

(iii) कश्मीर की राजधानी का क्या नाम है?

(iv) शिकारा क्या है?

(v) सर्दी के महीनों में जम्मू-कश्मीर का दृश्य कैसा होता है?

प्रश्न 2. निम्नलिखित पठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए:- **5**

दूसरा वर्ष तो निराला ही था।पेड़ों ने मानो एक-दूसरे से होड़ लगा रखी थी कि किसकी डालियों पर अधिक फल लगते हैं। मेरा दोस्त घर-घर न्योता देता फिरा, सबसे पहले आम मेरे गाँव के बच्चे खाएँगे,फिर खाएगा मेरा पूरा गाँव। घर-घर से बच्चे आते। पेटभर उन मीठे फलों का रस चूसते,दिनभर वहाँ धमा-चौकड़ी मचाते पर कभी किसी ने उन पेड़ों पर पत्थर नहीं फेंका।आज मैं उसी परंपरा का निर्वाह कर रहा हूँ,अपने दोस्त की दोस्ती के लिए।

प्रश्न

(i) घर-घर से बच्चे कहाँ आते थे?

(ii) सबसे पहले आम मेरे**....** पूरा गाँव। -यह वाक्य किसने कहा?

(iii) गदयांश में किन पेड़ों की बात की गई है?

(iv) 'मैं' -शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(v) इस गदयांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

खंड-ख

प्रश्न 3. **(i)** दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए - त्यौहार , वापिस **2**

(ii) दिए गए अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए - मेरे माता जी आए हैं।

प्रश्न 4. **(i)** दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए - विद्वान , कवि **2**

(ii) दिए गए शब्दों के लिंग पहचानिए - कुर्सी , खरगोश

प्रश्न 5. (i) दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए - अग्नि , श्वेत 2

(ii)दिए गए तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए- घर , दिन

प्रश्न 6. (i) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- वृष्टि ,सुरभित 2

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रत्येक वाक्यांश के लिए उचित शब्द लिखिए। 2

(i) जो आज के ज़माने का हो। (iii) अपने काम में लगा रहनेवाला।

(ii) बड़ों की आज्ञा माननेवाला। (iv) जो बहुत प्रसिद्ध हो।

प्रश्न 8. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया पहचानकर क्रिया भेद लिखिए। 2

(i) वह दिल्ली में पढ़ता है। (iii) रंजन सो रहा है।

(ii) वह फुटबॉल खेल रहा है। (iv) नेहा पुस्तक पढ़ती है।

प्रश्न 9. (i) दिए गए शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए- दल , दंड 2

प्रश्न 10. (i) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- आधुनिक ,तिरस्कृत 1

प्रश्न 11. (i) दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए- दवाई ,वृक्ष 1

प्रश्न 12. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के कारक भेद लिखिए। 1

(i)साहिल ने <u>कलम से</u> चित्र बनाया। (ii)कोयल <u>कौए से</u> अच्छा गाती है।

प्रश्न 13. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के सर्वनाम भेद लिखिए। 1

(i)बाहर <u>कोई</u> है। (ii)उसे <u>अपने-आप</u> पूछने दो।

<u>खंड-ग</u>

प्रश्न 14. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। 4

(i) जनक (iii) पौष्टिक (v) अमृत (vii) एकत्रित

(ii) निर्वाह (iv) आभामय (vi) शहज़ादी (viii) विपत्ति

प्रश्न 15. निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरे से वाक्य बनाइए। 3

(i) अनुमति (ii) अनगिनत (iii) गले का हार बनना

प्रश्न 16 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। 3

(i) भारत में श्वेत-क्रांति का जनक किसे माना जाता है?

(ii) परियों की शहज़ादी किसे कहा गया है?

(iii) राजवर्मन कौन था ?

(iv) डॉ.कुरियन के विषय में हैरान करनेवाली बात क्या है?

प्रश्न 17. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। 12

(i) डॉ.कुरियन को मिल्कमैन की उपाधि क्यों दी गई ?

(ii) मीठी वाणी बोलने से क्या होता है?

(iii) चंपा की कलियों पर वर्षा का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(iv) रविवर्मन कैसा राजा था और उसके कारण राज्य को क्या नुकसान पहुँचा ?

(v) आम की बगिया लगानेवाले को गाँववाले सनकी क्यों समझते थे ?

खंड-घ

प्रश्न 18. प्रधानाचार्या को हॉकी कोचिंग के लिए आवेदन-पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपनी मौसी को पत्र लिखकर बताइए कि आप कक्षा में प्रथम आए हैं।

प्रश्न 19. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । 5

(i) जैसा करोगे ,वैसा भरोगे (ii) वृक्ष हमारे सच्चे मित्र (iii) मेरा प्रिय त्योहार

....समाप्त...